उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 31.03.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.03.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 31.03.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

महोबा पुलिस की तत्परता से बिछड़ा डेढ़ वर्षीय बालक सुरक्षित परिजनों से मिलाया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं सहायता हेतु सतत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 31.03.2026 को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रान्तर्गत खनगा बाजार, महोबा में एक लगभग डेढ़ वर्ष का बालक अपने परिजनों से बिछड़ गया था। सूचना प्राप्त होते ही थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए बालक को सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर थाना परिसर में बैठाया गया तथा उसके परिजनों की तलाश हेतु तत्काल प्रयास प्रारंभ किए गए।

पुलिस टीम के सक्रिय प्रयासों के फलस्वरूप बालक की माता विनीता अहिरवार पत्नी हीरालाल अहिरवार निवासी भटेवर, महोबा तथा उसके चाचा अरविंद अहिरवार पुत्र दासी थाना कोतवाली नगर उपस्थित हुए। आवश्यक पहचान एवं सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

उक्त सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक महोबा एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम की तत्परता, सजगता एवं मानवीय संवेदनशीलता की प्रशंसा की गई।

महोबा पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी आपात स्थिति अथवा संदिग्ध परिस्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।